फाइल सं.पी-11015/1/2023-पीपीसी
भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(नीति नियोजन कक्ष)

नई दिल्ली 23 अगस्त, 2023

**विषय: जुलाई, 2023 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (सं - 07)।**

जुलाई 2023 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे उल्लिखित है :-

1. **संसद द्वारा चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023 पारित किया गया:** चलचित्र (संशोधन) विधेयक, 2023 राज्यसभा द्वारा 27.07.2023 को और लोकसभा द्वारा 31.07.2023 को पारित कर दिया गया है। राष्ट्रपति द्वारा इसे 04.08.2023 को सहमति प्रदान की गई। चलचित्र अधिनियम को 40 साल बाद संशोधित किया गया है। इस ऐतिहासिक विधेयक का उद्देश्य व्यापक रूप से 'पाइरेसी' के खतरे पर रोक लगाना है, जिससे फिल्म उद्योग को ₹20,000 करोड़ रुपये का नुकसान होता है। इसके प्रावधानों में न्यूनतम 3 महीने की कैद और 3 लाख रुपये के जुर्माने की सख्त सजा शामिल है जिसे 3 साल तक कैद और लेखापरीक्षित सकल उत्पादन लागत के 5% तक के जुर्माने तक बढ़ाया जा सकता है। सरकार द्वारा प्रत्येक 10 वर्ष में फिल्म के लाइसेंस को नवीनीकृत करने की आवश्यकता को भी समाप्त कर दिया है और इसे जीवनपर्यन्त के लिए वैध कर दिया है। प्रमाणन की मौजूदा यूए श्रेणी को आगे आयु-आधारित तीन श्रेणियों में उप-विभाजित किया गया है नामतः 7+ वर्ष, 13+ वर्ष और 16+ वर्ष जो केवल सिफ़ारिशी प्रकृति के हैं और माता-पिता या अभिभावकों के लिए इस बात पर विचार करने के लिए हैं कि क्या उनके बच्चों को ऐसी फिल्म देखनी चाहिए। यह विधेयक उच्चतम न्यायालय के निर्णयों को शामिल करते हुए फिल्मों के प्रमाणन की प्रक्रिया में भी समग्र सुधार लाता है। चलचित्र संशोधन देश में सामग्री निर्माण इकोसिस्टम के विकास में सहायक सिद्ध होगा और इस क्षेत्र में काम करने वाले सभी कलाकारों और कारीगरों के हितों की रक्षा करेगा।

2. मंत्रिमंडल द्वारा 19 जुलाई, 2023 को हुई इसकी बैठक में '**प्रेस और नियतकालिक पत्रिका रजिस्ट्रीकरण (पीआरपी) विधेयक, 2023** को संसद में प्रस्तुत करने हेतु इस मंत्रालय द्वारा पेश किए गए कैबिनेट नोट को अनुमोदित किया गया, ताकि मौजूदा प्रेस और पुस्तक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1867 के स्थान पर एक नया कानून लाया जा सके। प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य शीर्षक सत्यापन और पत्रिकाओं के रजिस्ट्रीकरण को प्रमाणन प्रदान करने की प्रक्रियाओं को सरल बनाना और क़ानून को अपराधमुक्त करना है।

3. केंद्र सरकार द्वारा दिनांक 28.07.2023 की अधिसूचना के माध्यम से **कार्य आबंटन नियमों को संशोधित किया गया और ऑनलाइन विज्ञापनों** और ऑनलाइन सामग्री प्रदाताओं/प्रकाशकों द्वारा

उपलब्ध कराई गई सामग्री से संबंधित विषय, को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधिदेश में लाया गया है। कार्य आबंटन नियमों के अंतर्गत मंत्रालय की संशोधित प्रविष्टि निम्नानुसार है:

"V क. **डिजिटल/ऑनलाइन मीडिया**

22ए. ऑनलाइन विषयवस्तु प्रदाताओं/ **प्रकाशकों** द्वारा उपलब्ध कराए गए फ़िल्म और दृश्य-श्रव्य कार्यक्रम विषयवस्तु।

22बी. ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर समाचार और समसामयिक विषय संबंधी सामग्री।

22सी. **ऑनलाइन विज्ञापन** ।"

4. दिनांक 18.07.2023 को माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों पर **मौजूद सामग्री से संबंधित मुद्दों पर ओटीटी प्लेटफार्मों** के साथ एक बैठक आयोजित की गई थी। कुछ विशिष्ट विषयों के चित्रण, सामग्री विनियमन, शिकायत निवारण तंत्र की कार्यप्रणाली, उपयोगकर्ता के अनुभव, दिव्यांगजनों के लिए पहुंच और क्षेत्र का समग्र विकास और नवाचार सहित अनेक पहलुओं पर चर्चा की गई।

5. दिनांक 18.07.2023 को, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री द्वारा 20-28 नवंबर 2023 के दौरान गोवा में आयोजित किए जाने वाले भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह के 54वें संस्करण के दौरान दिए जाने वाले **सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) पुरस्कार** शुरू करने की घोषणा की गई। पुरस्कार के लिए आवेदन निर्धारित ऑनलाइन प्रविष्टि फॉर्म के माध्यम से अभी खुले हैं।

6. माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा घोषणा की गई कि भारत सरकार **भारत-चीन सीमा पर बसे गांवों के दूर-दराज के क्षेत्रों में मुफ्त दूरदर्शन डीटीएच कनेक्शन की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी** और उन्होंने उल्लेख किया कि सरकार दूरस्थं गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी को सुधारने हेतु काम कर रही है। मंत्री जी द्वारा अपने तीन दिवसीय लेह-लद्दाख दौरे के दौरान वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के हिस्से के रूप में इसकी घोषणा की गई, इसी दौरान उन्होंने केंद्र/राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की और लेह से लगभग 211 किलोमीटर दूर स्थित करज़ोक में आईटीबीपी जवानों और ग्रामीणों के साथ बातचीत की।

7. **23 और** 24 जुलाई, 2023 को दो दिवसीय **क्षेत्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन (उत्तर)** आयोजित किया गया था, जिसमें 23.07.2023 को उद्‌घाटन सत्र के दौरान माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा विजेताओं को **8वें और 9वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो** पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर, इस क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी और भारत में रेडियो की पहुंच को विस्तार देने की दिशा में सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।

8. भारत और बांग्लादेश द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित फिल्म '**मुजीब - द मेकिंग ऑफ ए नेशन**' **(बांग्ला)** की एक विशेष स्क्रीनिंग दिनांक 16.07.2023 को बांग्लादेश में आयोजित की गई, जिसमें बांग्लादेश के माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा भाग लिया गया। फिल्म का ट्रेलर इससे पहले 19.05.2022 को कांस फिल्म महोत्सव में रिलीज़ किया गया था। फिल्म को **22.09.2023** को रिलीज करने का निर्णय लिया गया है।

9. **आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम)**

9.1 माह के दौरान, प्रकाशन विभाग (डीपीडी) द्वारा प्रमुख पत्रिका **'योजना' का विशेष** अगस्त 2023 **अंक 'आजादी का अमृत महोत्सव'** विषय पर तैयार और प्रकाशित किया गया ताकि इस पहल के महत्व को रेखांकित किया जा सके। इस अंक में माननीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री द्वारा एक ओवरव्यू लेख और विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा रचित विशेष लेख शामिल हैं, जिसमें माननीय सूचना और प्रसारण एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर का एक लेख 'खेल राष्ट्र को साथ जोड रहा है' भी शामिल है।

9.2 डीपीडी द्वारा प्रगति मैदान, नई दिल्ली में 29 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित **27वें दिल्ली पुस्तक मेले में भाग लिया गया**। डीपीडी द्वारा पूरे जोश के साथ **आज़ादी का अमृत महोत्सव** की भावना का स्मरण करते हुए, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों पर रचित पुस्तकों का समृद्ध संग्रह मेले में प्रस्तुत किया गया।

9.3 **प्रभमन ओइतिझयार 75 बोसोर**: आकाशवाणी, गुवाहाटी के 75 गौरवशाली/स्वर्णिम वर्षों पर एक विशेष कवरेज 27.07.2023 को प्रसारित किया गया।

10. **सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्षों पर सरकार की उपलब्धियां**

10.1 केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा "सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष" शीर्षक वाली **क्षेत्रीय भाषा पुस्तिका और फ्लायर** मुद्रित और वितरित किए गए।

10.2 माह के दौरान, सीबीसी द्वारा **राज्य विशिष्ट अभियानों के लिए सरकार की उपलब्धियों पर बाह्य क्रिएटिव की सामग्री और डिजाइन को अंतिम रूप दिया गया** और सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए राजस्थान में बड़े पैमाने पर बाह्य अभियान जारी किया गया।

11. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की तीसरी वर्षगांठ**

11.1 क्षेत्रीय कार्यालयों और सभी मीडिया इकाइयों को शामिल करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के व्यापक लोक संपर्क और प्रचार के लिए सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सचिव (उच्चतर शिक्षा विभाग), सचिव (स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग), सचिव (कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय) एवं सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाईयों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सहभागिता की गई।

11.2 दिनांक : 29.07.2023 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगाँठ के अवसर पर प्रगति मैदान, नई दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा अखिल भारतीय शिक्षा समागम का उद्घाटन किया गया, जिसका सीधा प्रसारण और विशेषज्ञ पैनलिस्टों के साथ पैनल चर्चा का कवरेज डीडी न्यूज़

द्वारा किया गयाI 31.07.2023 को नई शिक्षा नीति पर एक **विशेष लाइव चर्चा और 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और कौशल विकास' पर चर्चा** का प्रसारण डीडी नेटवर्क पर किया गया। दिनांक 28.07.2023 को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तीन सफ़ल वर्षों पर माननीय शिक्षा मंत्री के साथ एक विशेष साक्षात्कार का प्रसारण किया गया I

11.3 विशेषज्ञों द्वारा लिखे गए **सात (07) विशेष लेख**, जिनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) पर माननीय शिक्षा मंत्री का भी एक लेख शामिल है, पीआईबी द्वारा कमीशन किए गए थे और देश भर के समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए।

12. 30.07.2023 को सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा अमेज़ॅन प्राइम वीडियो के साथ समन्वय में मुख्य थिएटर, भारतीय फिल्म और टेलीविज़न संस्थान (एफटीआईआई), पुणे में **"क्राफ्टिंग स्टोरीज़ दैट रिज़ोनेट" पर एक मास्टरक्लास** का आयोजन किया। नामचीन फिल्म निर्माता श्री नितेश तिवारी, अभिनेत्री सुश्री जान्हवी कपूर, फिल्म संपादक सुश्री अंतरा लाहिड़ी और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इसमें भाग लिया गया। यह मीडिया, मनोरंजन और जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ लेटर ऑफ एंगेजमेंट (एलओई) पर हस्ताक्षर करने के बाद अमेज़ॅन प्राइम वीडियो द्वारा आयोजित पहला मास्टरक्लास था।

13. **जी-20 शिखर सम्मेलन पर प्रचार अभियान**

13.1 डीडी न्यूज नेटवर्क ने देश भर में भारत की जी20 अध्यक्षता के संबंध में आयोजित सभी प्रमुख कार्यक्रमों का प्रसारण किया है और डीडी इंडिया पर दैनिक विशेष कार्यक्रम **'India@G20'** की एक श्रृंखला प्रसारित की जा रही है; विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम **'ए जी20 स्पेशल: इंडिया कॉलिंग'** और **'भारत@20: वसुधैव कुटुंबकम'** प्रसारित किए गए हैं। आकाशवाणी समाचार नेटवर्क ने अपराध और सुरक्षा पर जी-20 सम्मेलन, जी20 वैश्विक खाद्य विनियामक सम्मेलन, आपदा प्रबंधन के संबंध में जी20 बैठक आदि पर विशेष साक्षात्कार और चर्चाएं प्रसारित किए।

13.2 पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने अब तक आयोजित सभी कार्यक्रमों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से **सर्वांगीण प्रचार प्रदान किया** और पीआईबी की अनुसंधान यूनिट ने माह के दौरान जी20 पर 10 एक्सप्लेनर का निर्माण किया। **पीआईबी जी20 माइक्रोसाइट** को जी20 से संबंधित सभी सूचनाओं के लिए वन-स्टॉप सॉल्यूशन के रूप में नियमित रूप से अद्यतन किया गया है। पीआईबी द्वारा मुफ्त प्रचार सुनिश्चित करने के लिए एक समर्पित सोशल मीडिया अभियान भी चलाया गया।

14. **प्रकाशन/बुकलेट**

14.1 मंत्रालय ने **पीएम के मन की बात का जून 2023 के संस्करण बुकलेट** रूप में 'निक्षय मित्रा: टीबी मुक्त भारत अभियान' कवर स्टोरी के रूप में प्रकाशित किया है। ई-संस्करण को ई-

संपर्क के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, My Gov, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया यूनिटो की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया। मुद्रित बुकलेट देश के सभी सांसदों और विधायकों, भारत सरकार के सभी सचिवों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों को वितरित की जाती है।

14.2 सीबीसी द्वारा देश भर में ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** के जुलाई 2023 का पाक्षिक संस्करण *"जीएसटी के 6 साल पूरे होने के अवसर पर नए भारत की आर्थिक क्रांति"* और *"युवा शक्ति राष्ट्र का निर्माण"* कवर स्टोरी के साथ 13 भाषाओं में प्रकाशित और वितरित किया गया। एनआईएस के ई-संस्करण को My Gov India के ई- संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग कर ईमेल के माध्यम से 70.8 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजा गया।

15. **विशेष कवरेज**

15.1 डीडी नेटवर्क ने दिनांक 26.07.2023 को एक वृत्तचित्र **'कारगिल विजय दिवस', मणिपुर में शांति** पहलें और **समान नागरिक संहिता** पर लाइव चर्चा, दिनांक 01.07.2023 को **राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस** पर एक टीवी रिपोर्ट, दिनांक 15.07.2023 को **युवा कौशल दिवस**, **अमरनाथ जी यात्रा**, **राष्ट्रीय प्रसारण दिवस** आदि का प्रसारण किया।

15.2 डीडी न्यूज़ ने निम्नलिखित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विशेष कवरेज प्रदान की:

- **संसद मानसून सत्र**: डीडी न्यूज ने दिनांक 20.07.2023 से शुरू होने वाले संसद मानसून सत्र की लाइव रिपोर्टिंग, विशेषज्ञ पैनलों के साथ प्राइम टाइम चर्चा, महत्वपूर्ण विधेयकों के विभिन्न पहलुओं और **'संसद समाचार'** के साथ सत्र को कवर किया।

- **पीएम मोदी की फ्रांस और यूएई यात्रा**: डीडी न्यूज ने बैस्टिल दिवस समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में माननीय प्रधान मंत्री की फ्रांस यात्रा को व्यापक कवरेज प्रदान की, फ्रांस ने माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया, विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग और विशेषज्ञों और वरिष्ठ राजनयिकों के पैनल के साथ चर्चा का प्रसारण किया गया। माननीय प्रधान मंत्री जी की यूएई यात्रा को भी कवरेज प्रदान किया गया, जिसमें आरबीआई और सेंट्रल बैंक ऑफ यूएई के बीच करारों पर हस्ताक्षर करना और अबू धाबी में आईआईटी दिल्ली का कैम्पस खोलना शामिल है।

- **सेमीकॉन इंडिया**: डीडी न्यूज ने माननीय प्रधान मंत्री द्वारा गांधी नगर में सेमीकॉन इंडिया 2023 का उद्घाटन करने और दुनिया से भारत में आकर निवेश करने की उनकी अपील, उद्योग जगत के नेताओं के संबोधनों और विशेषज्ञों के पैनलों के साथ विशेष चर्चाओं का सीधा प्रसारण किया।

- **चंद्रयान 3**: विशेषज्ञों के पैनलों के साथ चर्चा कार्यक्रमों के अलावा, चंद्रयान-3 मिशन के विवरण और लॉन्च के संबंध में जनता में उत्साह को व्यापक कवरेज प्रदान किया गया, जिसका सीधा प्रसारण किया गया।

15.3 प्रसार भारती ने माननीय प्रधान मंत्री के द्वारा 17वीं भारतीय सहकारी कांग्रेस के उद्घाटन, गुजरात में राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन; संसद के मानसून सत्र 2023 की शुरुआत में टिप्पणियाँ, एससीओ शिखर सम्मेलन में वर्चुअल संबोधन, जी20 श्रम और रोजगार मंत्रियों की बैठक में संबोधन और जी20 ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में टिप्पणियाँ; रोज़गार मेले में नवनियुक्तों को 70,000 से अधिक नियुक्ति पत्रों का वितरण; दिल्ली में नए आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स 'भारत मंडपम' का उद्घाटन समारोह; 'मन की बात' के 103वें संस्करण का प्रसारण आदि को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया।

16. **न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई पहलें -**

- **सभी सोशल मीडिया सामग्री की रीब्रांडिंग और रिवैम्पिंग**: न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) ने मंडे मीम्स, ट्यूजडे ट्रिविया, वेड्नसडे डेटा वॉच, थ्रोबैक थर्सडे, फ्राइडे फैक्ट्स क्विज़ और 'दिस डे, दैट ईयर' आदि जैसे थीम वाले दिनों सहित संपूर्ण सामग्री को रीब्रांड, रीपैकेज और रिडिज़ाइन किया है और **वीक नामा** में एक **नई भाषा**, **गुजराती** जोड़ी गई है। एनएमडब्ल्यू नागरिकों से जुड़ाव संबंधी विभिन्न कार्य-कलापों के माध्यम से युवाओं को शामिल करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है और नए दर्शकों तक पहुंचने के लिए ब्रांड की कलर थीम्स में बदलाव किए जाते रहेंगे।

- **भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी)**: आईआईएमसी, अमरावती द्वारा समाचार पत्र 'आईआईएमसी अमरावती समाचार' का पहला संस्करण दिनांक 07.07.2023 को लॉन्च किया गया।

- **54वें आईएफएफआई के भारतीय पैनोरमा खंड के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई**: राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम, जो भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह (आईएफएफआई) का आयोजन करता है, ने 20 से 28 नवंबर 2023 तक गोवा में इस समारोह के 54वें संस्करण में पैनोरमा सेक्शन में प्रदर्शित की जाने वाली फीचर और गैर-फीचर सेक्शन दोनों के लिए भारतीय फिल्मों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की हैं। पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी फीचर सेक्शन में अधिकतम 26 फिल्मों और गैर-फीचर सेक्शन में 21 फिल्मों का चयन किया जाएगा।

- **डिजिटल मीडिया**: दिनांक 28.07.2023 को **भारतीय सेना को गलत तरीके से पेश करने वाली सामग्री को ब्लॉक करने** के निर्देश जारी किए गए थे।

- **चैनल लाइसेंसिंग**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कोई नई अनुमति जारी नहीं की है और माह के दौरान 01 चैनल के सरेंडर अनुरोध/निरस्तीकरण को स्वीकार किया है। दिनांक **31.07.2023**

**तक** भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **901** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस)**: माह के दौरान 3 नए सीआरएस चालू किए गए। मंत्रालय ने माह के दौरान **एक (01) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) पर हस्ताक्षर किए** और **दस (10) जीओपीए का नवीनीकरण** किया है।

- **भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय (आरएनआई)**: माह के दौरान **452** शीर्षक सत्यापन प्रमाणपत्र, **140** पंजीकरण प्रमाणपत्र (नए और संशोधित) और **24** परिचालन सत्यापन प्रमाणपत्र जारी किए गए।

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **6731 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की, **17 औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित** की और भारत की जी20 अध्यक्षता, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आदि पर 22 लेख कमीशन किये। **पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने 17 फर्जी खबरों का पर्दाफाश किया** और 24 ट्वीट किए। पीआईबी **की अनुसंधान इकाई ने 31 दस्तावेज़ प्रकाशित किए** और विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र/प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डालने वाली फैक्टशीट तैयार करना शुरू कर दिया है।

- सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने देश भर में **सोशल मीडिया के माध्यम से विभिन्न विषयों पर जागरूकता अभियान चलाया :**

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 19403 (179679) | 5946 | 2628 | 13265 |

- **सोशल मीडिया कवरेज: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग 70 ग्राफिक्स/वीडियो/इमेजस/पोस्ट/ट्वीट** आदि साझा करके माह के दौरान विभिन्न प्लेटफार्मों पर विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

  सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष और अन्य प्रमुख अभियानों जैसे अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-कन्वेंशन सेंटर, पोर्ट ब्लेयर में वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, कारगिल विजय दिवस आदि अभियानों को इन्फोग्राफिक्स, रील्स, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
टेली. # 23073775